भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1326
27 जुलाई, 2021 को उत्तरार्थ

विषय: प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के साथ भूमि अभिलेखों को एकीकृत करना

1326. श्री धमेन्द्र कश्यप:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के वेब पोर्टल के साथ अपने भूमि अभिलेखों को एकीकृत करने वाले राज्यों की संख्या कितनी है और उनके नाम क्या है; और

(ख) आंवला निर्वाचन क्षेत्र के लाभार्थियों के संपूर्ण ब्यौरे सहित उत्तर प्रदेश से पीएमएफबीवाई के तहत दावों का भुगतान प्राप्त करने वाले लोगों की संख्या कितनी है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क): तीन राज्य सरकारों अर्थात् महाराष्ट्र, ओडिशा और राजस्थान ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (एनसीआईपी) के साथ अपने भू-रिकॉर्डों को समेकित किया है।

(ख): खरीफ 2016 में योजना की शुरुआत से लेकर खरीफ 2020 तक, उत्तर प्रदेश में 37.38 लाख किसान आवेदनों की तुलना में 2809.3 करोड़ रुपये के दावों का भुगतान किया गया है। उत्तर प्रदेश और आंवला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र को शामिल करते हुए बरेली और बदायूं जिलों में भुगतान किए गए दावों और किसान आवेदनों की संख्या का सीजन-वार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

अनुबंध

दिनांक 22.07.2021 तक उत्तर प्रदेश राज्य और आंवला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र को शामिल करते हुए बरेली और बदायूं जिलों के लिए पीएमएफबीवाई के तहत अदा किए गए दावों की तुलना में सीजन-वार किसान							
वर्ष	**सीजन**	**उत्तर प्रदेश**		**बरेली जिला**		**बदायूं जिला**	
		भुगतान किए गए दावे (रूपए लाख में)	**भुगतान किए गए दावों की तुलना में किसान आवेदन (संख्या में)**	**भुगतान किए गए दावे (रूपए लाख में)**	**भुगतान किए गए दावों की तुलना में किसान आवेदन (संख्या में)**	**भुगतान किए गए दावे (रूपए लाख में)**	**भुगतान किए गए दावों की तुलना में किसान आवेदन (संख्या में)**
2016-17	खरीफ 2016	46,167.67	9,68,991	103.67	4,389	436.05	12,777
	रबी 2016-17	11,289.92	2,18,922	0.74	138	11.45	1,483
	कुल	**57,457.58**	**11,87,913**	**104.41**	**4,527**	**447.50**	**14,260**
2017-18	खरीफ 2017	25,001.13	3,93,310	18.29	755	74.76	3,474
	रबी 2017-18	13,085.78	1,91,521	0.30	25	22.59	214
	कुल	**38,086.90**	**5,84,831**	**18.59**	**780**	**97.35**	**3,688**
2018-19	खरीफ 2018	44,984.66	5,85,371	28.58	848	17.94	1,264
	रबी 2018-19	1,930.89	40,160	2.92	27	0.17	2
	कुल	**46,915.55**	**6,25,531**	**31.50**	**875**	**18.11**	**1,266**
2019-20	खरीफ 2019	80,718.69	6,01,909	139.83	3,097	26.14	1,492
	रबी 2019-20	28,546.85	3,32,080	476.17	6,767	38.35	429
	कुल	**1,09,265.54**	**9,33,989**	**616.00**	**9,864**	**64.49**	**1,921**
2020-21	खरीफ 2020	29,204.67	4,05,472	0.42	35	0.02	1
सकल योग		**2,80,930.25**	**37,37,736**	**770.92**	**16,081**	**627.48**	**21,136**

*****